आज

उत्तराखण्ड संस्करण

हल्द्वानी, गुरुवार 3 नवम्बर 2011

पृष्ठ 8

मूल्य 3.00 रुपया

वाराणसी गोरखपुर इलाहाबाद (मध्य प्रदेश संस्करण) कानपुर (झांसी सं

# सोलर हीटर के प्रति जागरूक किया

आज समाचार सेवा

नैनीताल। ग्रीनटेक कॉलेज सोल्यूशन प्रा0 लि0 व सोसायटी टु क्रिएट अवेयरनेस टूवार्डस लाईफ एण्ड एन्वायरमेंट(स्केल) के तत्वाधान में उरेडा के सहयोग से सोलर वाटर हीटर्स के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

यहां के एक होटल में आयोजित कार्यशाला में ग्रीनटेक कॉलेज सोल्यूशन के डायरेक्टर डा0 समीर मैथल ने जानकारी देते हुए कहा सोलर वाटर हीटर का प्रयोग कर हम 60 फीसदी तक बिजली, कोयला व तेल की अचत कर सकते है। उन्होंने बताया सोलर वाटर हीटिंग प्रणाली नवीन तकनीक और कारगर प्रधाली है। उन्होंने बताया विश्व में सोलर सिस्टम का प्रयोग भारत के मुकाबले 60 फीसदी ज्यादा होता है यूरोप, टर्की, साईप्रस, आस्ट्रेलिया में भी सोलर सिस्टम का बहुतायत में प्रयोग होता है उन्होंने बताया कि भारत में बैंगलोर में सबसे ज्यादा सौर ऊर्जा का प्रयोग होता ह। उसके बाद पूना, नागपुर,राजकोट मनाली, ध मंशाला आदि क्षेत्रों में भी इस प्रणाली का प्रयोग हो रहा है उन्होंने कहा उत्तराखण्ड सौर ऊर्जा के प्रयोग में अभी काफी पीछै है। इसका सबसे बड़ा कारण इस प्रणाली के प्रतिजागरूकता की कमी होना है। उन्होंने बताया कि विभिन्न शिक्षण संस्थाओं, अस्पतालों, होटलों आदि में इस प्रणाली का उपयोग किया जा सकता है। उरेडा के एस.पी.ओ एल.डी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया सोलर वाटर हीटिंग सिस्टम के स्टॉलेशान के सन्दर्भ में जानकारी प्रदान करने के लिये विभिन्न जनपदों में अधिकारी तैनात किये गये है। साथ ही फ्री टेक्निकल सेवा भी मुहैया कराई जा रही है। एम.एन.आर.ई के डायरेक्टर डा. आर.पी गोस्वामी ने केन्द्र द्वारा हिमालयी राज्यों के लिये सोलर वाटर हीटर सिस्टम के लिए प्रदान की जाने वाली सब्सिडी की जानकारी प्रदान की। नाबार्ड के महाप्रबंधक पी.के मिश्रा ने सोलर वाटर हीटिंग सिस्टम के लिये संचालित त्रृण योजनाओं की जानकारी दी। सोसायटी टू क्रिएट अवेयरमेंट टूवार्डस लाईफ एण्ड एनवायरमेंट के अरूण सिन्हा ने समस्त आगन्तुकों का स्वागत किया। कार्यशाला के दौरान देहरादून के संगीत शर्मा, बैंगलोर के टी अनंत, नई दिल्ली के अनिल आजाद, व रिचर्ड सेक्यूरिया, नैनीताल के डा0 अजयय रावत, राजा साह, विशाल खन्ना, वेद प्रकाश साह, वी.चन्दा, गीता पाण्डे, पी.एस नेगी, डा0 नरेन्द्र सिंह समेत कई लोग उपसिथत थे।




वाटर हिटिंग कार्यशाला को संबोधित करते स्केल संस्था सचिव अरूण सिन्हा